— श्रीमद् राजचन्द्र विरचित —

आत्मसिद्धि शास्त्र

हिन्दी अनुवाद

142 देशों की 415 भाषाओं में अनुवाद

रचनाकार परम कृपालु देव
श्रीमद् राजचन्द्र

परम कृपालु देव श्रीमद् राजचन्द्र आत्मानुभवी सतपुरुष, आध्यात्मिक विद्वान एवं महान कवि थे। उनका बचपन का नाम रायचंदभाई रवजीभाई मेहता था। वे शुद्धात्मा के उपदेशक एवं भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रुप में जाने जाते हैं। उनका जन्म 9 नवम्बर, 1867 के दिन ववाणिया बंदर (गुजरात-भारत) में हुआ था।

उन्होंने 10 साल की उम्र में ही जनसमुदाय में उपदेश देना एवं 11 साल की उम्र में लेख लिखना प्रारम्भ किया था। इतना ही नहीं, मुम्बई में 20 साल की उम्र में शतावधान (एक ही समय में 100 अलग-अलग बातें याद रखने का अद्‌भूत स्मृति परीक्षण) के प्रयोग भी प्रस्तुत किये थे। 20 साल की उम्र में जनकबाई के साथ उनका विवाह हुआ, तत्पश्चात् वे मोती और हीरे के कारोबार में संलग्न हुये।

इसके अतिरिक्त, अपने पूरे जीवन में उन्होंने आत्मसिद्धि शास्त्र एवं अपूर्व अवसर काव्य सहित करीब 800 खत लिखकर आध्यात्मिक यात्रा की। सात वर्ष की आयु में उन्हें पिछले कुछ भवों का जातिस्मरण ज्ञान हुआ था, जिसका उल्लेख उन्होंने अपने खतों में किया है। 1890 में लिखे गये खत में उन्होंने स्वयं को प्रकट होने वाली आत्मानुभूति का भी उल्लेख किया है।

कवि की सफलता का तथ्य यह है कि उन्होंने अध्यात्म जगत में अनेक लोगों में उत्साह जगाया था। पाठक आध्यात्मिकता की ओर गति करें, इस हेतु से उन्होंने आध्यात्मिकता के सम्बन्ध में यथायोग्य स्पष्टीकरण किया था।

32 साल की उम्र में उन्हें ऐसी बीमारी लगी कि जिससे वे स्वस्थ नहीं हो सके। 9 अप्रैल, 1901 के दिन 33 साल की उम्र में उन्होंने राजकोट (गुजरात) में पार्थिव देहत्याग किया। उनके जीवन के काल में वे अनेकानेक लोगों के लिये आत्मानुभवी गुरु रहे।

ॐ

आत्मसिद्धि

परम कृपालु देव श्रीमद् राजचन्द्र विरचित

आत्मसिद्धि शास्त्र

[हिन्दी अनुवाद]

संक्षिप्त टीका : फूलचन्द

प्रकाशक : श्री आत्मसिद्धि शास्त्र मिशन
आध्यत्मिक साधना केन्द्र-उमराला

प्रथम संस्करण : 15 अगस्त 2015

प्राप्ति स्थान :

आध्यात्मिक साधना केन्द्र-प्रधान केन्द्र
पूज्य गुरुदेव श्री कानजीस्वामी प्रवचन हॉल,
चोगठ रोड, उमराला, जि. भावनगर (गुजरात)
किशोरभाई जैन : +91-2843-235202/03
धर्मेन्द्रभाई जैन : +91-9898245201
Website : www.fulchandshastri.com
E-mail : ask@fulchandshastri.com

आध्यात्मिक साधना केन्द्र-मुंबई केन्द्र
द व्हाईट गोल्ड, 72/74 कंसारा चाल,
पायधुनी के पास, मुंबई - 400 002.
धनराजभाई हुंडिया : +91-9460058839
मांगीलालभाई चंदन : +91-9223278899

आध्यात्मिक साधना केन्द्र-अहमदाबाद केन्द्र
न.10 संतकृपा सोसायटी, पवन सोसायटी के पास,
बलदेवनगर के सामने, 132 फीट रिंग रोड,
जीवराज पार्क, अहमदाबाद - 51.
कोकीलाबेन गीरीशभाई रत्नोत्तर : +91-9913072548

मुद्रक : मल्टी ग्राफिक्स, मुम्बई
फोन : +91-22-23884222 / +91-9987999299
Website : www.multygraphics.com
www.shrutgyan.com

चैतन्य स्वरूपी निज शुद्धात्मा के आश्रय से

निर्विकल्प आत्मानुभूति को उपलब्ध

समस्त सम्यग्द्रष्टी

ज्ञानी धर्मात्माओं को

सविनय समर्पित

प्रस्तावना

चैतन्य स्वरुपी निज शुद्धात्मा के आश्रय से निर्विकल्प आत्मानुभव को उपलब्ध महापुरुष परम कृपालु देव श्रीमद् राजचन्द्रजी द्वारा विरचित श्री आत्मसिद्धि शास्त्र एक महान परमागम है और समस्त तीर्थंकर परमात्माओं की दिव्यध्वनि का सार है। जगत में होने वाले परम पवित्र आध्यात्मिक सत्पुरुषों में श्रीमद् राजचन्द्रजी प्रमुख हैं। उनकी अंतरंग दशा ऐसी निर्मल थी कि वे भौतिक समृद्धि, धन, पद, प्रतिष्ठा, यहाँ तक कि अपने शरीर के प्रति भी मोहमुक्त होकर अलिप्त रहते थे।

भारत देश की वर्तमान अधिकांश मुद्राओं पर भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का चित्र होता है। वे सारे विश्व में अहिंसा के दूत के रुप में आदर के साथ जाने जाते हैं। ऐसे महात्मा गांधीजी भी श्रीमद् राजचन्द्रजी द्वारा प्राप्त शिक्षा के प्रति अत्यधिक ऋणी थे। नये भारत के निर्माण में श्रीमद् राजचन्द्रजी की आध्यात्मिक शिक्षा अत्यंत उपयोगी हो सकती है।

महात्मा गांधीजी के शब्दों में : ''कवि (श्रीमद् राजचन्द्रजी) के अलावा रस्किन एवं टॉलस्टॉय ने मेरे आंतरिक चारित्र के निर्माण में योगदान दिया है, लेकिन कवि का मुझ पर विशेष गहरा प्रभाव पडा है, क्योंकि मैं उनके साथ व्यक्तिगत एवं घनिष्ठ संपर्क में आया था।''

आध्यात्मिक युगपुरुष पूज्य गुरुदेव श्री कानजीस्वामी के शब्दों में : ''श्रीमद् राजचन्द्र हुये, 33 साल की उम्र में देह छूट गया, परन्तु वे एकावतारी हो गये हैं। मुम्बई में लाखों का जवाहिरात का कारोबार था, फिर भी अंदर से भिन्न हो गये थे। नारियल का गोला जैसे अंदर से अलग हो जाये, ऐसे सम्यग्द्रष्टी को आत्मा राग और देह से अलग हो जाता है। अल्प जीवन काल में भी उन्होंने आत्मानुभव प्रमाण से अध्यात्म क्षेत्र में अद्भूत योगदान दिया है।''

गुजराती भाषा एवं पद्यशैली में रचित आत्मसिद्धि शास्त्र अमूल्य परम पवित्र ग्रंथ है, जो आत्मविज्ञान पर आधारित है। इस ग्रंथ में अनेकांत द्रष्टि से आत्मा का स्वरुप स्पष्ट किया है और छह पदों के माध्यम से आध्यात्मिकता के सम्बन्ध में गहराई से चिंतन एवं विवेचन किया है।

1. आत्मा है।
2. आत्मा नित्य है।
3. आत्मा अपने कर्मो का कर्त्ता है।
4. आत्मा अपने कर्मो का भोक्ता है।
5. आत्मा का मोक्ष है।
6. आत्मा के मोक्ष का उपाय है।

आत्मसिद्धि शास्त्र की 142 गाथाओं में से, प्रथम 42 गाथाओं में प्रत्यक्ष सद्गुरु, मतार्थी एवं आत्मार्थी जीव के लक्षणों पर विवेचन किया हैं। अन्य 100 गाथाओं में प्रश्न एवं उत्तर की शैली में शिष्य की शंका का समाधान किया है, जिनमें छह पदों का विस्तृत विवेचन भी विचारणीय है।

शिष्य को आत्मसिद्धि शास्त्र समझने में सरलता हो, इसलिये श्रीमद् राजचन्द्रजी ने शिष्य एवं गुरु के संवाद का उपयोग किया है। जिनागम का ऐसा कोई वाक्य नहीं है, जिसका भाव आत्मसिद्धि शास्त्र में समाहित न हुआ हो।

21000 वर्षों का पंचम काल होता है। अब तक करीब 2500 वर्ष समाप्त हुये है। पंचम काल के अंत तक 18500 सालों के लिये इस पवित्र शास्त्र का अस्तित्व रहेगा एवं अनेकानेक साधकों की साधना का आधार बनेगा। इस हेतु से मैं समस्त पाठकों से नम्र निवेदन करता हूँ कि इस शास्त्र का भविष्य में आपके समय में बोली एवं समझी जाने वाली समस्त भाषाओं में अनुवाद करें या करवायें और पूरी सृष्टि में इसका प्रचार-प्रसार करके आगे बढायें। यदि भविष्य में प्रलय के कारण विश्व में विनाश हो और इस शास्त्र की एक प्रत भी बच जाये, तो एक प्रत में से लाखों-करोडों प्रत छपाकर पूरे विश्व में पुनः आत्मा की गुँज फैल सकती है।

इस शास्त्र की 142 गाथाओं का विश्व के 142 देशों की करीब 415 भाषाओं में अनुवाद हो, यही आत्मसिद्धि शास्त्र मिशन का वर्तमान उद्देश्य है।

परम कृपालु देव श्रीमद् राजचन्द्रजी द्वारा मुझे संदेश एवं प्रेरणा मिली है कि आत्मसिद्धि शास्त्र के माध्यम से पूरी सृष्टि में सत्य धर्म का फैलाव हो। श्रीमद् राजचन्द्रजी के 150 वें जन्मदिन के अवसर पर, 4 नवम्बर, 2017 के दिन यह मिशन निर्विध्नरुप से सम्पन्न हो चुका होगा।

आत्मसिद्धि शास्त्र मिशन के विकास हेतु आप अपना अभिप्राय या सुझाव, ई-मेल या खत द्वारा अवश्य भेजें। ■

फूलचन्द

www.fulchandshastri.com *mission@fulchandshastri.com*

गाथा १

જે સ્વરૂપ સમજ્યા વિના, પામ્યો દુઃખ અનંત,
સમજાવ્યું તે પદ નમું - શ્રી સદ્‌ગુરુ ભગવંત. ૧

जे स्वरुप समज्या विना, पाम्यो दुःख अनंत;
समजाव्युं ते पद नमुं, श्री सद्‌गुरु भगवंत ।१।

चैतन्य स्वभावी निज शुद्धात्मा का स्वरुप समझे बिना आत्मा ने अनंत दुःख भोगा है। जिन्होंने आत्मा का स्वरुप समझाया, उन श्री सद्‌गुरु भगवान को मैं नमस्कार करता हूँ।

गाथा २

વર્ત્તમાન આ કાળમાં, મોક્ષમાર્ગ બહુ લોપ,
વિચારવા આત્માર્થીને, ભાખ્યો અત્ર અગોપ્ય. ૨

वर्तमान आ कालमां मोक्षमार्ग बहु लोप;
विचारवा आत्मार्थीने, भाख्यो अत्र अगोप्य ।२।

इस वर्तमान कलियुग में मोक्षमार्ग का यथार्थ निरुपण प्रायः लुप्त हो गया है। इसलिये आत्मार्थी को विचार करने हेतु यहाँ मोक्षमार्ग को प्रगट कहा गया है।

गाथा ३

કોઈ ક્રિયા-જડ થઈ રહ્યા, શુષ્કજ્ઞાનમાં કોઈ,
માને મારગ મોક્ષનો, કરુણા ઉપજે જોઈ ૩

कोई क्रियाजड थई रह्या, शुष्कज्ञानमां कोई;
माने मारग मोक्षनो, करुणा उपजे जोई ।३।

कुछ लोग शरीर की जडक्रिया में और कुछ लोग शास्त्रीय शुष्कज्ञान में अटक रहे हैं। वे उन्हें मोक्षमार्ग मानते हैं, यह देखकर श्री सद्गुरु को उनके प्रति करुणा उत्पन्न होती है।

गाथा ४

બાહ્ય ક્રિયામાં રાચતા, અંતર ભેદ ન કાંઈ,
જ્ઞાનમાર્ગ નીષેધતા, તેહ ક્રિયાજડ આઈ ૪

बाह्य क्रियामां राचता, अंतर भेद न काई;
ज्ञानमार्ग नीषेधता, तेह क्रियाजड आई ।४।

आत्मा और शरीर के बीच भेदज्ञान के बिना क्रियाजड़ जीव बाह्यक्रिया में संतुष्ट हो रहे हैं। साथ ही, वे आत्मा के ज्ञानमार्ग का निषेध करते हैं।

गाथा ५

બંધ મોક્ષ છે કલ્પના, ભાખે વાણી માંહિ,
વર્તે મોહાવેશમાં, શુષ્ક જ્ઞાની તે આહિં. ૫

बंध मोक्ष छे कल्पना, भाखे वाणी मांहिं;
वर्ते मोहावेशमां, शुष्क ज्ञानी ते आहिं ।५।

जो लोग बंध और मोक्ष कल्पना है, ऐसा वाणी में बोलते हैं और मोहावेश में प्रवर्तते हैं, वे शुष्कज्ञानी हैं।

गाथा ६

વૈરાગ્યાદિ સફળ તો, જો સહ આતમજ્ઞાન;
તેમજ આતમજ્ઞાનની, પ્રાપ્તિતણાં નિદાન. ૬

वैराग्यादि सफल तो, जो सह आतमज्ञान;
तेमज आतमज्ञाननी प्राप्तितणां निदान ।६।

यदि वैराग्यादि आत्मज्ञान सहित हो तो सफल है एवं वैराग्यादि चैतन्य स्वभावी शुद्धात्मा के लक्ष्य से होते हो तो आत्मज्ञान की प्राप्ति के कारण है।

गाथा ७

ત્યાગ વિરાગ ન ચિત્તમાં, થાય ન તેને જ્ઞાન,
અટકે ત્યાગ વિરાગમાં, તો ભૂલે નિજ ભાન. ૭

त्याग विराग न चित्तमां, थाय न तेने ज्ञान;
अटके त्याग विरागमां, तो भूले निज भान ।७।

जिनके विचारों में त्याग और वैराग्य नहीं होता, उन्हें आत्मज्ञान नहीं होता। जो त्याग और वैराग्य के विचारों में अटक जाते हैं, वे भी निज शुद्धात्मा के स्वरुप को नहीं पहिचानते।

गाथा ८

જ્યાં જ્યાં જે જે યોગ્ય છે, તહાં સમજવું તેહ;
ત્યાં ત્યાં તે તે આચરે, આત્માર્થી જન એહ. ૮

ज्यां ज्यां जे जे योग्य छे, तहां समजवुं तेह;
त्यां त्यां ते ते आचरे, आत्मार्थी जन एह ।८।

जो जीव, जहाँ जिस अपेक्षा से कथन किया हो, वहाँ उस अपेक्षा से यथायोग्य अर्थ ग्रहण करता है और यथायोग्य आचरण का पालन करता है, वह जीव आत्मार्थी हैं।

गाथा ९

સેવે સદ્ગુરુ ચરણને, ત્યાગી દઈ નિજપક્ષ,
પામે તે પરમાર્થને, નિજપદનો લે લક્ષ. ૯

सेवे सद्गुरु चरणने, त्यागी दई निजपक्ष;
पामे ते परमार्थने, निजपदनो ले लक्ष ।९।

जो जीव अपने पक्ष को छोडकर सद्गुरु के चरण में समर्पित होता है, वह जीव निज शुद्धात्मा के आश्रय से परमपद को पाता हैं।

गाथा १०

આત્મજ્ઞાન સમદર્શિતા, વિચરે ઉદયપ્રયોગ,
અપૂર્વ વાણી પરમશ્રુત, સદ્ગુરુ લક્ષણ યોગ. ૧૦

आत्मज्ञान समदर्शिता, विचरे उदयप्रयोग;
अपूर्व वाणी परमश्रुत, सद्गुरु लक्षण योग्य ।१०।

आत्मज्ञान, वीतरागता, पूर्व कर्म के उदय अनुसार विचरण, अपूर्ववाणी और परम श्रुतज्ञान, ये आत्मानुभवी सद्गुरु के लक्षण हैं।

गाथा ११

પ્રત્યક્ષ સદ્‌ગુરુ સમ નહીં, પરોક્ષ જિન ઉપકાર;
એવો લક્ષ થયા વિના, ઉગે ન આત્મવિચાર. ૧૧

प्रत्यक्ष सद्‌गुरु सम नहीं, परोक्ष जिन उपकार;
एवो लक्ष्य थया विना, उगे न आत्मविचार ।११।

परोक्ष जिनेन्द्र भगवान का उपकार भी प्रत्यक्ष सद्‌गुरु के समान नहीं होता है। ऐसा महिमाभाव जागृत हुये बिना शुद्धात्मा के विचार उदित नहीं होते।

गाथा १२

સદ્‌ગુરુના ઉપદેશ વણ, સમજાય ન જિનરૂપ;
સમજ્યા વણ ઉપકાર શો સમજ્યે જિનસ્વરૂપ. ૧૨

सद्‌गुरुना उपदेश वण, समजाय न जिनरूप;
समज्या वण उपकार शो समज्ये जिनस्वरूप ।१२।

सद्‌गुरु के उपदेश के बिना जिनेन्द्र भगवान का स्वरुप समझ में नहीं आता। समझे बिना क्या उपकार होगा? जो जीव जिनेन्द्र भगवान का स्वरुप समझता है, वह जीव जिनेन्द्र भगवान स्वरुप हो जाता है।

गाथा १३

આત્માદી અસ્તિત્વનાં, જેહ નિરૂપક શાસ્ત્ર;
પ્રત્યક્ષ સદ્‌ગુરુ યોગ નહિં, ત્યાં આધાર સુપાત્ર ।૧૩।

आत्मादी अस्तित्वनां, जेह निरुपक शास्त्र;
प्रत्यक्ष सद्‌गुरु योग नहिं, त्यां आधार सुपात्र ।१३।

जहाँ सुपात्र जीव को प्रत्यक्ष सद्‌गुरु का सानिध्य प्राप्त न हो, वहाँ आत्मादि अस्तित्व के निरुपक शास्त्र आधारभूत हैं।

गाथा १४

અથવા સદ્‌ગુરુ એ કહ્યા, જે અવગાહન કાજ;
તે તે નિત્ય વિચારવા, કરી મતાંતર ત્યાજ ।૧૪।

अथवा सद्‌गुरु ए कह्या, जे अवगाहन काज;
ते ते नित्य विचारवा, करी मतांतर त्याज ।१४।

अथवा सद्‌गुरु की आज्ञा अनुसार स्वयं के लिये आधारभूत शास्त्रों का अपने मत का आग्रह छोडकर नित्य विचार करना चाहिए।

गाथा १५

રોકે જીવ સ્વચ્છંદને, પામે અવશ્ય મોક્ષ,
પામ્યા એમ અનંત છે, ભાખ્યું જિન નિર્દોષ. ૧૫

रोके जीव स्वच्छंद तो, पामे अवश्य मोक्ष;
पाम्या एम अनंत छे, भाख्युं जिन निर्दोष ।१५।

वीतरागी जिनेन्द्र भगवान ने कहा हैं कि यदि जीव अपना स्वच्छंद छोड दे, तो अवश्य मोक्ष प्राप्त होगा। अनन्त जीवों ने इसी विधि से मोक्ष पाया है।

गाथा १६

પ્રત્યક્ષ સદ્‌ગુરુ યોગથી, સ્વચ્છંદ તે રોકાય,
અન્ય ઉપાયે કર્યા થકી, પ્રાયે બમણો થાય. ૧૬

प्रत्यक्ष सद्‌गुरु योगथी, स्वच्छंद ते रोकाय;
अन्य उपाय कर्या थकी, प्रायें बमणो थाय ।१६।

प्रत्यक्ष सद्‌गुरु का सानिध्य प्राप्त होने पर स्वच्छंद मिटता हैं। अन्य उपाय खोजने पर स्वच्छंद दुगना होता है।

गाथा १७

સ્વચ્છંદ, મત આગ્રહ તજી, વર્તે સદ્‌ગુરુ લક્ષ,
સમકિત તેને ભાખિયું, કારણ ગણી પ્રત્યક્ષ. ૧૭

स्वच्छंद मत आग्रह तजी, वर्ते सद्‌गुरु लक्ष;
समकित तेने भाखियुं, कारण गणी प्रत्यक्ष ।१७।

जो जीव अपनी स्वच्छंदता, मत और आग्रह को छोडकर सद्‌गुरु का अनुसरण करता है, उस जीव को प्रत्यक्ष सद्‌गुरु को कारण मानकर समकित कहा है।

गाथा १८

માનાદિક શત્રુ મહા, નિજ છંદે ન મરાય,
જાતાં સદ્‌ગુરુ શરણમાં, અલ્પ પ્રયાસે જાય. ૧૮

मानादिक शत्रु महा, निज छंदे न मराय;
जातां सद्‌गुरु शरणमां, अल्प प्रयासे जाय ।१८।

मान आदि कषाय आत्मा के महाशत्रु है। अपनी आग्रहयुक्त बुद्धि से उनका नाश नहीं होता है। वे कषायभाव सद्‌गुरु की शरण में जाने पर अल्प प्रयास से ही नष्ट होते हैं।

गाथा १९

જે સદ્ગુરુ ઉપદેશથી, પામ્યો કેવળજ્ઞાન,
ગુરુ રહ્યા છદ્મસ્થ પણ, વિનય કરે ભગવાન. ૧૯

जे सद्गुरु उपदेश थी, पाम्यो केवळज्ञान;
गुरु रह्या छद्मस्थ पण, विनय करे भगवान ।१९।

जिन सद्गुरु के उपदेश से शिष्य को केवलज्ञान हुआ हो, वे सद्गुरु अभी छद्मस्थ अवस्था में हो, तो भी केवली भगवान केवलज्ञान की पर्याय में जानने रुप विनय करते हैं। निज शुद्धात्मा के उपदेशक सद्गुरु पर भी द्रष्टि न करके निज शुद्धात्मा में लीन होना ही सद्गुरु का वास्तविक विनय है।

गाथा २०

એવો માર્ગ વિનયતણો, ભાખ્યો શ્રી વીતરાગ,
મૂળ હેતુ એ માર્ગનો, સમજે કોઈ સુભાગ્ય. ૨૦

एवो मार्ग विनयतणो, भाख्यो श्री वीतराग;
मूळ हेतु ए मार्गनो, समजे कोई सुभाग्य ।२०।

श्री वीतरागी भगवान ने ऐसा जो विनय का मार्ग कहा है, उस मार्ग के मूल आशय को कुछ ही सौभाग्यशाली जीव समझते हैं।

गाथा २१

અસદ્ગુરુ એ વિનયનો, લાભ લહે જો કાંઈ;
મહામોહિની કર્મથી, બુડે ભવજળમાંહિ. ૨૧

असद्गुरु ए विनयनो लाभ लहे जो कांई;
महामोहिनी कर्मथी, बुडे भवजळमांहि ।२१।

यदि असद्गुरु उस विनय का दुरुपयोग करे, तो महामोहनीय कर्म के फल में भवसागर में डूबता है।

गाथा २२

હોય મુમુક્ષુ જીવ તે, સમજે એહ વિચાર;
હોય મતાર્થિ જીવ તે, અવળો લે નિર્ધાર. ૨૨

होय मुमुक्षु जीव ते, समजे एह विचार;
होय मतार्थि जीव ते, अवळो ले निर्धार ।२२।

जिसे मोक्ष पाने की इच्छा हो, ऐसा मुमुक्षु जीव सद्गुरु के यथार्थ आशय को ग्रहण करता है। परन्तु अपने मत का आग्रही ऐसा मतार्थी जीव विपरीत अर्थ ग्रहण करता है।

गाथा २३

હોય મતાર્થી તેહને, થાય ન આતમલક્ષ
તેહ મતાર્થી લક્ષણો, અહીં કહ્યા નિર્પક્ષ. ૨૩

होय मतार्थि तेहने, थाय न आतमलक्ष;
तेह मतार्थि लक्षणो, अहीं कह्या निर्पक्ष ।२३।

मतार्थी जीव को आत्मज्ञान नहीं होता है। यहाँ किसी भी प्रकार के पक्षपात के बिना मतार्थी जीव के लक्षण कहे हैं।

मतार्थि लक्षण (गाथा २४-३३)

गाथा २४

બાહ્ય ત્યાગ પણ જ્ઞાન નહિ, તે માને ગુરુ સત્ય
અથવા નિજકુળધર્મના, તે ગુરુમાં જ મમત્વ. ૨૪

बाह्य त्याग पण ज्ञान नही, ते माने गुरु सत्य;
अथवा निजकुळधर्मना, ते गुरुमां ज ममत्व ।२४।

मतार्थी जीव उस गुरु को सत्य मानता है, जिसे बाह्य त्याग होता है, परन्तु आत्मज्ञान नहीं। मतार्थी कुलपरंपरा से माने जाने वाले गुरु को ही अपना गुरु मानता है।

गाथा २५

જે જિનદેહ પ્રમાણને, સમવસરણાદિ સિદ્ધિ;
વર્ણન સમજે જિનનું, રોકિ રહે નિજબુદ્ધિ. ૨૫

जे जिनदेहप्रमाण ने, समवसरणादि सिद्धि;
वर्णन समजे जिननुं, रोकि रहे निजबुद्धि ।२५।

वह जिनेन्द्र भगवान के शरीर और समवसरण आदि बाह्य वैभव के वर्णन को जिनेन्द्र भगवान का स्वरुप समझता है, वह बाह्य संयोगो के विचारों में अटक जाता है।

गाथा २६

પ્રત્યક્ષ સદ્‌ગુરુ યોગમાં, વર્ત્તે દૃષ્ટિ વિમુખ
અસદ્‌ગુરુને દૃઢ કરે, નિજ માનાર્થે મુખ્ય ૨૬

प्रत्यक्ष सद्‌गुरु योगमां, वर्त्ते द्रष्टि विमुख;
असद्‌गुरुने द्रढ करे, निज मानार्थे मुख्य ।२६।

प्रत्यक्ष सद्‌गुरु के सानिध्य में भी उसकी द्रष्टि विपरीत दिशा में घूमती है। मुख्य रुप से वह अपने मान के कारण असद्‌गुरु का ही पोषण करता है।

गाथा २७

દેવાદિ ગતિ ભંગમાં, જે સમજે શ્રુતજ્ઞાન,
માને નિજમત વેષનો, આગ્રહ મુક્તિ નિદાન. ૨૭

देवादी गति भंगमां, जे समजे श्रुतज्ञान;
माने निजमत वेषनो, आग्रह मुक्ति निदान ।२७।

वह देह आदि गतियों के भेद के ज्ञान को श्रुतज्ञान समझता है और अपने मत में पहने जाने वाले वेष का आग्रह रखकर उस वेष को मोक्ष का कारण मानता है।

गाथा २८

લહ્યું સ્વરૂપ ન વૃત્તિનું, ગ્રહ્યું વ્રત અભિમાન,
ગ્રહે નહીં પરમાર્થને, લેવા લૌકિક માન. ૨૮

लह्युं स्वरुप न वृत्तिनुं, ग्रह्युं व्रत अभिमान;
ग्रहे नहीं परमार्थने, लेवा लौकिक मान ।२८।

वह आत्मा में स्थित मलिन वृत्ति का स्वरुप पहिचाने बिना व्रत पालन करने का नियम लेता है और उसका भी अहंकार करता है। वह लौकिक पद पाने हेतु परमपद को नहीं पाता है।

गाथा २९

અથવા નિશ્ચય નય ગ્રહે, માત્ર શબ્દની માંય,
લોપે સદ્‌વ્યવહારને, સાધન રહીત થાય. ૨૯

अथवा निश्चय नय ग्रहे, मात्र शब्दनी मांय;
लोपे सद्‌व्यवहारने, साधन रहीत थाय ।२९।

अथवा वह निश्चयनय के कथन को शब्द मात्र से ग्रहण करता है, वह सदाचार का निषेध करके साधन रहित होता है।

गाथा ३०

જ્ઞાનદશા પામે નહીં, સાધન દશા ન કાંઈ,
પામે તેનો સંગ જે, તે બુડે ભવમાંહિ. ૩૦

ज्ञानदशा पामे नहीं, साधन दशा न कांई;
पामे तेनो संग जे, ते बुडे भवमांहि ।३०।

वह जीव आत्मज्ञान तो नहीं पाता, परन्तु आत्मज्ञान के आधारभूत साधनो का अवलंबन भी नहीं लेता। ऐसे जीवों के साथी भी भवसागर में डूबते हैं।

गाथा ३१

એ પણ જીવ મતાર્થમાં, નિજમાનાદી કાજ;
પામે નહિ પરમાર્થને, અન અધિકારીમાજ. ૩૧

ए पण जीव मतार्थमां, निजमानादी काज;
पामे नहीं परमार्थने, अन अधिकारीमाज ।३१।

वह जीव भी अपने मान के कारण मत के आग्रह में रहकर परमपद को नहीं पाता और उस पद की प्राप्ति के लिये वह अपात्र ही रहता है।

गाथा ३२

નહિ કષાય ઉપશાંતતા, નહિ અંતર વૈરાગ્ય;
સરળપણું ન મધ્યસ્થતા, એ મતાર્થિ દુર્ભાગ્ય. ૩૨

नहिं कषाय उपशांतता, नहिं अंतर वैराग्य;
सरळपणुं न मध्यस्थता, ए मतार्थि दुर्भाग्य ।३२।

मतार्थी जीव का यह दुर्भाग्य है कि उसमें कषाय की उपशांतता, अंतरंग में वैराग्य, सरलता और मध्यस्थ भाव नहीं होते हैं।

गाथा ३३

લક્ષણ કહ્યાં મતાર્થીના, મતાર્થ જાવા કાજ,
હવે કહું આત્માર્થીના, આત્મઅર્થ સુખસાજ. ૩૩

लक्षण कह्यां मतार्थिना, मतार्थ जावा काज;
हवे कहुं आत्मार्थिना, आत्मअर्थ सुखसाज ।३३।

मतार्थी जीव का मतार्थ दूर हो, इस हेतु से मतार्थी के लक्षण कहे हैं। अब, आत्मानुभूति और आत्मिक सुख की प्राप्ति के हेतु से आत्मार्थी के लक्षण कहता हूँ।

आत्मार्थि लक्षण (गाथा ३४-४२)

गाथा ३४

આત્મજ્ઞાન ત્યાં મુનિપણું, તે સાચા ગુરુ હોય;
બાકી કુળ ગુરુ કલ્પના, આત્માર્થી નહિ જોય. ૩૪

आत्म ज्ञान त्यां मुनिपणुं, ते साचा गुरु होय;
बाकी कुळ गुरु कल्पना, आत्मार्थि नहि जोय ।३४।

जहाँ आत्मानुभूति पूर्वक आत्मज्ञान प्रगट हुआ हो, वहाँ मुनिपना होता है, वे मुनि सच्चे गुरु होते हैं। अन्य सर्व कुल परंपरा से माने जाते काल्पनिक मिथ्यागुरु हैं, उन्हें आत्मार्थी गुरु के रुप में नहीं मानता।

गाथा ३५

પ્રત્યક્ષ સદ્ગુરુ પ્રાપ્તિનો, ગણે પરમ ઉપકાર,
ત્રણે યોગ એકત્વથી, વર્તે આજ્ઞા ધાર. ૩૫

प्रत्यक्ष सद्गुरु प्राप्तिनो, गणे परम उपकार;
त्रणे योग एकत्वथी, वर्त्ते आज्ञा धार ।३५।

आत्मार्थी प्रत्यक्ष सद्गुरु का सानिध्य प्राप्त होने को परम उपकार मानता है। मन, वचन और काया ऐसे तीन योगों की एकता से सद्गुरु की आज्ञा का पालन करता है।

गाथा ३६

એક હોય ત્રણ કાળમાં, પરમારથનો પંથ,
પ્રેરે તે પરમાર્થને, તે વ્યવહાર સમંત. ૩૬

एक होय त्रण काळमां, परमारथनो पंथ;
प्रेरे ते परमार्थने, ते व्यवहार समंत ।३६।

परमपद की प्राप्ति का मार्ग भूत, वर्तमान और भविष्य इसप्रकार तीनों कालों में एक ही होता है। वह व्यवहार ही व्यवहार है, जो परमपद की प्राप्ति की प्रेरणा देने वाला हो।

गाथा ३७

એમ વિચારી અંતરે, શોધે સદ્ગુરુ યોગ;
કામ એક આત્માર્થનું, બીજો નહિ મનરોગ. ૩૭

एम विचारी अंतरे, शोधे सद्गुरु योग;
काम एक आत्मार्थनुं, बीजो नहिं मनरोग ।३७।

इसप्रकार अंतरंग विचार सहित आत्मार्थी जीव सद्गुरु का सानिध्य खोजता है। उसे एक मात्र आत्मा ही प्रयोजनभूत है और मन में दूसरी कोई अभिलाषा नहीं है।

गाथा ३८

કષાયની ઉપશાંતતા, માત્ર મોક્ષ અભિલાષ;
ભવે ખેદ પ્રાણીદયા, ત્યાં આત્માર્થ નિવાસ. ૩૮

कषायनी उपशांतता, मात्र मोक्ष अभिलाष;
भवे खेद प्राणीदया, त्यां आत्मार्थ निवास ।३८।

जहाँ कषाय की उपशांतता हो, मात्र मोक्ष की अभिलाषा हो, भवभ्रमण का खेद होता हो और प्राणी मात्र के प्रति दया का भाव हो, वहाँ आत्मार्थ बसता है।

गाथा ३९

દશા ન એવી જ્યાં સુધી, જીવ લહે નહિ જોગ;
મોક્ષમાર્ગ પામે નહીં, મટે ન અંતર રોગ. ૩૯

दशा न एवी ज्यां सुधी, जीव लहे नहि जोग;
मोक्षमार्ग पामे नहीं, मटे न अंतर रोग ।३९।

जब तक जीव में ऐसी दशा प्रकट नहीं होती है, तब तक जीव मोक्षमार्ग को नहीं पाता है और उसका आत्मभ्रांतिरुप रोग दूर नहीं होता है।

गाथा ४०

આવે જ્યાં એવી દશા, સદ્‌ગુરુબોધ સુહાય;
તે બોધે સુવિચારણા, ત્યાં પ્રગટે સુખદાય. ૪૦

आवे ज्यां एवी दशा, सद्‌गुरुबोध सुहाय;
ते बोधे सुविचारणा, त्यां प्रगटे सुखदाय ।४०।

जब जीव में ऐसी दशा प्रकट होती है, तब उसे सद्‌गुरु का बोध रुचिकर लगता है। उस बोध के माध्यम से सम्यक् विचारणा प्रकट होती है और सुख भी उसे प्रकट होता है।

गाथा ४१

જ્યાં પ્રગટે સુવિચારણા, ત્યાં પ્રગટે નિજજ્ઞાન,
જે જ્ઞાને ક્ષય મોહ થઈ, પામે પદ નિર્વાણ. ૪૧

ज्यां प्रगटे सुविचारणा, त्यां प्रगटे निजज्ञान;
जे ज्ञाने क्षय मोह थई, पामे पद निर्वाण ।४१।

जब सम्यक् विचारणा प्रकट होती है, तब आत्मज्ञान प्रकट होता है, आत्मज्ञान से मोह का क्षय होता है और आत्मा देह रहित मोक्षपद पाता है।

गाथा ४२

ઉપજે તે સુવિચારણા, મોક્ષમાર્ગ સમજાય,
ગુરુ શિષ્ય સંવાદથી, ભાખું ષટ્પદ આંહિ. ૪૨

उपजे ते सुविचारणा, मोक्षमार्ग समजाय;
गुरु शिष्य संवादथी, भाखुं षट्पद आंहि ।४२।

जब सम्यक् विचारणा उदित होती है, तब मोक्षमार्ग समझ में आता है। यहाँ गुरु और शिष्य के संवाद के रुप में छह पद कहता हूँ।

छह पद (गाथा ४३-४४)

गाथा ४३

આત્મા છે તે નિત્ય છે, છે કર્તા નિજકર્મ,
છે ભોક્તા વળિ મોક્ષ છે, મોક્ષ ઉપાય સુધર્મ. ૪૩

आत्मा छे ते नित्य छे, छे कर्ता निजकर्म;
छे भोक्ता वळि मोक्ष छे, मोक्ष उपाय सुधर्म ।४३।

आत्मा है। वह नित्य है। वह अपने कर्मो का कर्ता है। वह अपने कर्मो का भोक्ता है। आत्मा का मोक्ष है। मोक्ष का उपाय सम्यक् धर्म है।

गाथा ४४

છટ્ સ્થાનક સંક્ષેપમાં, છટ્ દર્શન પણ તેહ,
સમજાવા પરમાર્થને, કહ્યાં જ્ઞાનીએ એહ. ૪૪

षट् स्थानक संक्षेपमां, षट् दर्शन पण तेह;
समजावा परमार्थने, कह्यां ज्ञानीये एह ।४४।

संक्षेप में कहे गये जो छह पद है, वह छह दर्शन भी है। परमपद को समझाने के लिये ज्ञानी ने कहे हैं।

१. आत्मा है।

शंका-शिष्य उवाच (गाथा ४५-४८)

गाथा ४५

નથી દ્રષ્ટિ માં આવતો, નથી જણાતું રૂપ;
બીજો પણ અનુભવ નહીં, તેથિ ન જીવસ્વરુપ ।૪૫।

नथी द्रष्टि मां आवतो, नथी जणातुं रुप;
बीजो पण अनुभव नहीं, तेथि न जीवस्वरुप ।४५।

आत्मा आँख से दिखाई नहीं देता, आत्मा का स्वरुप भी जानने में नहीं आता, आत्मा का दूसरा भी कोई अनुभव नहीं होता, इसलिये आत्मा का अस्तित्व नहीं होता है।

गाथा ४६

અથવા દેહ જ આતમા, અથવા ઇંદ્રિય, પ્રાણ;
મિથ્યા જૂદો માનવો, નહિં જૂદું એંધાણ ।૪૬।

अथवा देह ज आत्मा, अथवा इंद्रिय, प्राण;
मिथ्या जूदो मानवो, नहिं जूदुं एंधाण ।४६।

अथवा शरीर ही आत्मा है, अथवा इन्द्रियां और प्राण ही आत्मा है। आत्मा को उनसे भिन्न मानना मिथ्या है। क्योंकि उसका अन्य कोई भिन्न लक्षण नहीं है।

गाथा ४७

વળિ જો આત્મા હોય તો, જણાય તે નહિં કેમ?
જણાય જો તે હોય તો, ઘટ પટ આદી જેમ. ૪૭

વળિ જો આત્મા હોય તો, જણાય તે નહિં કેમ?
જણાય જો તે હોય તો, ઘટ પટ આદી જેમ ।૪૭।

यदि आत्मा का अस्तित्व होता, तो वह क्यों जानने में नहीं आता? यदि वह है, तो मटका, कपडा आदि पदार्थो की भांति जानने में आना चाहिए।

गाथा ४८

માટે છે નહિં આતમા, મિથ્યા મોક્ષ ઉપાય,
એ અંતર શંકા તણો, સમજાવો સદુપાય. ૪૮

માટે છે નહિં આતમા, મિથ્યા મોક્ષ ઉપાય;
એ અંતર શંકા તણો સમજાવો સદુપાય ।૪૮।

इसलिए आत्मा नहीं होता है, मोक्ष का उपाय भी मिथ्या है। यह मेरे अंतर की शंका है, अब आप मुझे सम्यक् प्रकार से समझाने की कृपा करें।

समाधान-सद्गुरु उवाच (गाथा ४९-५८)

गाथा ४९

ભાસ્યો દેહાધ્યાસથી, આત્મા દેહ સમાન,
પણ તે બન્ને ભિન્ન છે, પ્રગટ લક્ષણે ભાન. ૪૯

भास्यो देहाध्यासथी, आत्मा देह समान;
पण ते बन्ने भिन्न छे, प्रगट लक्षणे भान ।४९।

आत्मा की देह में स्थापित एकत्वबुद्धि के भ्रम के कारण आत्मा और शरीर समान लगते हैं, किन्तु वास्तव में तो वे दोनों अपने प्रकट लक्षणों से भिन्न-भिन्न हैं।

गाथा ५०

ભાસ્યો દેહાધ્યાસથી, આત્મા દેહ સમાન,
પણ તે બન્ને ભિન્ન છે, જેમ અસી ને મ્યાન. ૫૦

भास्यो देहाध्यासथी, आत्मा देह समान;
पण ते बन्ने भिन्न छे, जेम असी ने म्यान ।५०।

आत्मा की देह में स्थापित एकत्वबुद्धि के भ्रम के कारण आत्मा और शरीर समान लगते हैं, किन्तु वास्तव में वे दोनों तलवार और म्यान की तरह भिन्न-भिन्न हैं।

गाथा ५१

જે દ્રષ્ટા છે દૃષ્ટિનો, જે જાણે છે રૂપ,
અબાધ્ય અનુભવ જે રહે, તે છે જીવસ્વરૂપ. ૫૧

जे द्रष्टा छे द्रष्टिनो, जे जाणे छे रूप;
अबाध्य अनुभव जे रहे, ते छे जीवस्वरूप ।५१।

जो द्रष्टि का द्रष्टा है, जो रुप को जानने वाला है और जिसके अनुभव को कोई बाधा नहीं पहुँचती, वह आत्मा का स्वरुप है।

गाथा ५२

છે ઇંદ્રિય પ્રત્યેકને, નિજ નિજ વિષયનું જ્ઞાન,
પાંચ ઇંદ્રિના વિષયનું, પણ આત્માને જ્ઞાન. ૫૨

छे इंद्रिय प्रत्येकने निज निज विषयनुं भान;
पांच इंद्रिना विषयनुं, पण आत्माने भान ।५२।

प्रत्येक इन्द्रिय को अपने-अपने विषय का ज्ञान होता है। लेकिन आत्मा को पांचो ही इन्द्रियों के विषयों का ज्ञान होता है।

गाथा ५३

દેહ ન જાણે તેહને, જાણે ન ઇંદ્રિ પ્રાણ,
આત્માની સત્તા વડે તેહ પ્રવર્ત્તે જાણ. ૫૩

देह न जाणे तेहने, जाणे न इंद्रि प्राण;
आत्मानी सत्ता वडे, तेह प्रवर्त्ते जाण ।५३।

शरीर आत्मा को नहीं जानता है, इन्द्रियां और प्राण भी नहीं जानते हैं। तू ऐसा जान कि आत्मा के अस्तित्व में शरीर, इन्द्रियां और प्राण जीवंत हैं।

गाथा ५४

સર્વ અવસ્થાને વિષે, ન્યારો સદા જણાય,
પ્રગટ રૂપ ચૈતન્યમય, એ એંધાણ સદાય. ૫૪

सर्व अवस्थाने विषे, न्यारो सदा जणाय;
प्रगट रूप चैतन्यमय, ए एंधाण सदाय ।५४।

आत्मा सर्व अवस्थाओं में सदा ही निराला रहता है। त्रिकाल प्रकट ऐसा चैतन्य स्वभाव आत्मा का वास्तविक लक्षण है।

गाथा ५५

ઘટ, પટ આદી જાણ તું, તેથી તેને માન,
જાણનાર તે માન નહિ, કહિયે કેવું જ્ઞાન? ૫૫

घट, पट आदी जाण तुं, तेथी तेने मान;
जाणनार ते मान नहिं, कहिये केवुं ज्ञान? ।५५।

तू मटका, कपडा, आदि पदार्थो को जानता है, इसलिये उन्हें मानता है। लेकिन तू उसे नहीं मानता है, जो इन सभी पदार्थो को जानने वाला है। तेरे ऐसे ज्ञान के बारे में क्या कहे?

गाथा ५६

પરમબુદ્ધિ કૃષ દેહમાં, સ્થૂળ દેહ મતિ અલ્પ,
દેહ હોય જો આતમા, ઘટે ન આમ વિકલ્પ. ૫૬

परमबुद्धि कृष देहमां, स्थूळ देह मति अल्प;
देह होय जो आतमा, घटे न आम विकल्प ।५६।

दुबले शरीर वाले को तीक्ष्ण बुद्धि और मोटे शरीर वाले को मंदबुद्धि पाई जाती है। यदि शरीर ही आत्मा होता, तो ऐसा घटित नहीं होना चाहिए।

गाथा ५७

જડ ચેતનનો ભિન્ન છે, કેવળ પ્રગટ સ્વભાવ;
એક પણું પામે નહીં, ત્રણે કાળ દ્વય ભાવ. ૫૭

जड चेतननो भिन्न छे, केवळ प्रगट स्वभाव;
एक पणुं पामे नहीं, त्रणे काळ द्वय भाव ।५७।

जड़ और चेतन का स्वभाव ही प्रकट भिन्न-भिन्न है। वे कभी एक नहीं हो जाते। भूत, वर्तमान और भविष्य, तीनों काल में दोनों भिन्न-भिन्न ही रहते हैं।

गाथा ५८

આત્માની શંકા કરે, આત્મા પોતે આપ;
શંકાનો કરનાર તે, અચરજ એહ અમાપ. ૫૮

आत्मानी शंका करे, आत्मा पोते आप;
शंकानो करनार ते, अचरज एह अमाप ।५८।

आत्मा के अस्तित्व की शंका आत्मा स्वयं करता है। यह आश्चर्यजनक बात है कि शंका करने वाला स्वयं ही स्वयं के अस्तित्व की शंका करता है।

२. आत्मा नित्य है।
शंका-शिष्य उवाच (गाथा ५९-६१)

गाथा ५९

આત્માનાં અસ્તિત્વના, આપે કહ્યા પ્રકાર;
સંભવ તેનો થાય છે, અંતર કર્યે વિચાર. ૫૯

आत्मानां अस्तित्वना, आपे कह्या प्रकार;
संभव तेनो थाय छे, अंतर कर्ये विचार ।५९।

आपने आत्मा के अस्तित्व को अनेक प्रकार से समझाया। अंतरंग में विचार करने पर आत्मा के अस्तित्व की संभावना पाई जाती है।

गाथा ६०

બીજી શંકા થાય ત્યાં, આત્મા નહીં અવિનાશ;
દેહ યોગથી ઊપજે, દેહ વિયોગે નાશ. ૬૦

बीजी शंका थाय त्यां, आत्मा नहीं अविनाश;
देह योगथी ऊपजे, देह वियोगे नाश ।६०।

अब दूसरी शंका यह है कि आत्मा अविनाशी नहीं है। देह का जन्म होने पर वह जन्म लेता है और देह का मरण होने पर वह नष्ट हो जाता है।

गाथा ६१

અથવા વસ્તુ ક્ષણીક છે, ક્ષણે ક્ષણે પલટાય;
એ અનુભવથી પણ નહીં, આત્મા નિત્ય જણાય. ૬૧

अथवा वस्तु क्षणीक छे, क्षणे क्षणे पलटाय;
ए अनुभवथी पण नहीं, आत्मा नित्य जणाय ।६१।

अथवा वस्तु क्षणिक होने से प्रतिक्षण बदलती रहती है, इस अनुभव से भी आत्मा नित्य जानने में नहीं आता।

समाधान-सद्गुरु उवाच (गाथा ६२-७०)

गाथा ६२

દેહ માત્ર સંયોગ છે, વળિ જડ, રૂપી દ્રશ્ય;
ચેતનનાં ઉત્પત્તિ લય, કોના અનુભવ વશ્ય?૬૨

देह मात्र संयोग छे, वळि जड, रूपी द्रश्य;
चेतननां उत्पत्ति लय, कोना अनुभव वश्य?।६२।

आत्मा के साथ रहने वाला यह शरीर मात्र क्षणिक संयोग है। शरीर चैतन्य स्वभाव रहित जड, रुपी और इन्द्रियों से दिखाई देता है। आत्मा के उत्पाद और व्यय किसके अनुभव में आते हैं?

गाथा ६३

જેના અનુભવવશ્ય એ, ઉત્પન્ન લયનું જ્ઞાન,
તે તેથી જૂદા વિના, થાય ન કેમેં ભાન. ૬૩

जेना अनुभव वश्य ए, उत्पन्न लयनुं ज्ञान;
ते तेथी जूदा विना, थाय न केमें भान ।६३।

जिसके अनुभव में उत्पाद और व्यय का ज्ञान होता है, वह उससे भिन्न हुये बिना कदापि ज्ञान नहीं होता।

गाथा ६४

જે સંયોગો દેખિયે, તે તે અનુભવદ્રશ્ય;
ઉપજે નહિ સંયોગથી, આત્મા નિત્ય પ્રત્યક્ષ. ૬૪

जे संयोगो देखिये, ते ते अनुभव द्रश्य;
उपजे नहि संयोगथी, आत्मा नित्य प्रत्यक्ष ।६४।

जो भी संयोग दिखाई देते है, वे आत्मा द्वारा ही अनुभव में आते हैं। उन संयोगो से आत्मा उत्पन्न नहीं होता है। आत्मा नित्य प्रत्यक्ष है।

गाथा ६५

જડથી ચેતન ઊપજે, ચેતનથી જડ થાય;
એવો અનુભવ કોઈને, ક્યારે કદી ન થાય. ૬૫

जडथी चेतन ऊपजे, चेतनथी जड थाय;
एवो अनुभव कोईने, क्यारे कदी न थाय ।६५।

जड़ से चेतन की उत्पत्ति होती हो और चेतन से जड़ की उत्पत्ति होती हो, ऐसा अनुभव कभी किसी को नहीं होता।

गाथा ६६

કોઈ સંયોગોથી નહીં, જેની ઉત્પત્તિ થાય;
નાશ ન તેનો કોઈમાં, તેથી નિત્ય સદાય. ૬૬

कोई संयोगोथी नहीं, जेनी उत्पत्ति थाय;
नाश न तेनो कोईमां, तेथी नित्य सदाय ।६६।

जो संयोगो से उत्पन्न नहीं होता है, वह नष्ट होकर किसी में मिलता भी नहीं है, इसलिये वह सदा ही नित्य है।

गाथा ६७

ક્રોધાદિ તરતમ્યતા, સર્પાદિકની માંય,
પૂર્વજન્મ સંસ્કાર તે, જીવ નિત્યતા ત્યાંય. ૬૭

क्रोधादी तरतम्यता, सर्पादिक नी मांय;
पूर्वजन्म संस्कार ते, जीव नित्यता त्यांय ।६७।

क्रोध आदि कषाय भावों की तारतम्यता साँप आदि में होती है, वे उनके पूर्वभवों के संस्कार होने से जीव की नित्यता सिद्ध होती है।

गाथा ६८

આત્મા દ્રવ્યે નિત્ય છે, પર્યાયે પલટાય,
બાળાદિ વય ત્રણ્યનું, જ્ઞાન એકને થાય. ૬૮

आत्मा द्रव्ये नित्य छे, पर्याये पलटाय;
बाळादी वय त्रण्यनुं, ज्ञान एकने थाय ।६८।

आत्मा द्रव्य द्रष्टि से टिककर रहता है और पर्याय द्रष्टि से बदलता रहता है। बचपन, जवानी और बुढापा, ये तीन अवस्थाओं का ज्ञान एक आत्मा को होता है।

गाथा ६९

અથવા જ્ઞાન ક્ષણીકનું, જે જાણી વદનાર,
વદનારો તે ક્ષણિક નહિ, કર અનુભવ નિર્ધાર.૬૯

अथवा ज्ञान क्षणीकनुं, जे जाणी वदनार;
वदनारो ते क्षणिक नहिं, कर अनुभव निर्धार ।६९।

अथवा क्षणिक का जो ज्ञान होता है, उसे जानकर बोलने वाला है, वह बोलने वाला क्षणिक नहीं है। अपने अनुभव से यह निर्णय कर।

गाथा ७०

કોઈ કોઈ વસ્તુનો, કેવળ હોય ન નાશ,
ચેતન પામે નાશ તો, કેમાં ભળે તપાસ. ૭૦

क्यारे कोई वस्तुनो, केवळ होय न नाश;
चेतन पामे नाश तो, केमां भळे तपास ।७०।

किसी भी वस्तु का कभी एकांत से नाश नहीं होता है। यदि आत्मा नष्ट हो जाय, तो किसमें जाकर मिले? तू उसकी खोज कर।

३. आत्मा अपने कर्म का कर्त्ता है।

शंका-शिष्य उवाच (गाथा ७१-७३)

गाथा ७१

કર્ત્તા જીવ ન કર્મનો, કર્મ જ કર્ત્તા કર્મ;
અથવા સહજ સ્વભાવ કાં, કર્મ જીવનો ધર્મ. ૭૧

कर्त्ता न जीव कर्मनो, कर्म ज कर्त्ता कर्म;
अथवा सहज स्वभाव कां, कर्म जीवनो धर्म ।७१।

आत्मा कर्म का कर्ता नहीं है, कर्म ही कर्म का कर्ता है अथवा कर्मबंध सहज स्वभाव है अथवा कर्मबंध होना, आत्मा का धर्म है।

गाथा ७२

આત્મા સદા અસંગ ને, કરે પ્રકૃતિ બંધ;
અથવા ઈશ્વરપ્રેરણા, તેથી જીવ અબંધ. ૭૨

आत्मा सदा असंग ने, करे प्रकृति बंध;
अथवा ईश्वर प्रेरणा, तेथी जीव अबंध ।७२।

आत्मा सदा ही असंग है, कार्मण वर्गणा कर्मबंध करती है अथवा ईश्वर की प्रेरणा से कर्मबंध होता है, अत: जीव अबंध है।

गाथा ७३

માટે મોક્ષ ઉપાયનો, કોઈ ન હેતુ જણાય;
કર્મતણું કર્ત્તા પણું, કાં નહિં, કાં નાહિં જાય. ૭૩

माटे मोक्ष उपायनो, कोई न हेतु जणाय;
कर्मतणुं कर्त्ता पणुं, कां नहिं, कां नहिं जाय ।७३।

इसलिये मोक्ष के उपाय का कोई कारण जानने में नहीं आता। आत्मा कर्म का कर्ता नहीं है या कर्म का कर्तापना कभी न छूट सके ऐसा है।

समाधान-सद्गुरु उवाच (गाथा ७४-७८)

गाथा ७४

હોય ન ચેતન પ્રેરણા, કોણ ગ્રહે તો કર્મ,
જડ સ્વભાવ નહિં પ્રેરણા, જુઓ વિચારી ધર્મ. ૭૪

होय न चेतन प्रेरणा, कोण ग्रहे तो कर्म
जड स्वभाव नहिं प्रेरणा, जुओ विचारी धर्म ।७४।

यदि आत्मा में राग-द्वेष के विकारीभाव न हो, तो कर्मबंधन किसे हो? जड़ वस्तु का स्वभाव प्रेरणा देने का नहीं है, इसलिये स्वभाव की द्रष्टि से चेतन और जड द्रव्यों का विचार करो।

गाथा ७५

જો ચેતન કરતું નથી, નથી થતાં તો કર્મ;
તેથી સહજ સ્વભાવ નહિ, તેમજ નહિ જીવધર્મ. ૭૫

जो चेतन करतुं नथी, नथी थतां तो कर्म;
तेथी सहज स्वभाव नहिं, तेमज नहिं जीवधर्म ।७५।

यदि आत्मा में राग-द्वेष रुपी मलिन भाव न हो, तो कर्मबंधन भी नहीं होता है। इसलिये कर्मबंध सहज स्वभाव नहीं है और आत्मा का धर्म भी नहीं है।

गाथा ७६

કેવળ હોત અસંગ જો, ભાસત તને ન કેમ?
અસંગ છે પરમાર્થથી, પણ નિજ ભાને તેમ. ૭૬

केवळ होत असंग जो, भासत तने न केम?
असंग छे परमार्थथी, पण निज भाने तेम ।७६।

यदि आत्मा एकांत से असंग होता, तो तूझे क्यों नहीं दिखाई देता? निश्चय नय से आत्मा असंग है, परन्तु ऐसा तो आत्मानुभवी ज्ञानी को जानने में आता है।

गाथा ७७

કર્તા ઈશ્વર કોઈ નહિ, ઈશ્વર શુદ્ધ સ્વભાવ,
અથવા પ્રેરક તે ગણ્યે, ઈશ્વર દોષ પ્રભાવ. ૭૭

कर्त्ता ईश्चर कोई नहिं, ईश्वर शुद्ध स्वभाव;
अथवा प्रेरक ते गण्ये, ईश्वर दोष प्रभाव ।७७।

कर्मबंध का कर्ता कोई ईश्वर नहीं है। ईश्वर तो शुद्ध अवस्था को प्राप्त आत्मा है। यदि ईश्वर को कर्मबंध का प्रेरक माने, तो वे भी अपराध में सम्मिलित होते हैं।

गाथा ७८

ચેતન જો નિજ ભાનમાં, કર્તા આપ સ્વભાવ,
વર્તે નહિ નિજભાનમાં, કર્તા કર્મ પ્રભાવ. ૭૮

चेतन जो निज भानमां, कर्त्ता आप स्वभाव;
वर्त्ते नहिं निजभानमां, कर्त्ता कर्म प्रभाव ।७८।

यदि आत्मा अपने स्वरुप में जागृत हो, तो अपने स्वभाव का कर्ता है। यदि अपने स्वरुप में जागृत न हो, तो कर्म का कर्ता होता है।

४. आत्मा अपने कर्म का भोक्ता है।

शंका-शिष्य उवाच (गाथा ७९-८१)

गाथा ७९

જીવ કર્મ કર્ત્તા કહો, પણ ભોક્તા નહિ સોય,
શું સમજે જડ કર્મ કે, ફળપરિણામી હોય. ૭૯

जीव कर्म कर्त्ता कहो, पण भोक्ता नहिं सोय;
शुं समझे जड कर्म के, फळपरिणामी होय ।७९।

आत्मा को कर्म का कर्ता कहो, परन्तु आत्मा कर्म का भोक्ता नहीं है। जड़ क्या समझे कि वह आत्मा को फल दे?

गाथा ८०

ફળદાતા ઈશ્વર ગણ્યે, ભોક્તાપણું સધાય;
એમ કહો ઈશ્વરતણું, ઈશ્વરપણું જ જાય. ૮૦

फळदाता ईश्वर गण्ये, भोक्तापणुं सधाय;
एम कहो ईश्वरतणुं, ईश्वरपणुं ज जाय ।८०।

ईश्वर को कर्म का फल देने वाला माना जाये तो भोक्तापना सिद्ध होता है। परन्तु ऐसा कहने से तो ईश्वर का ईश्वरपना ही छूट जाता है।

गाथा ८१

ઈશ્વર સિદ્ધિ થયા વિના, જગત્નિયમ નહિ હોય;
પછી શુભાશુભ કર્મનાં, ભોગ્યસ્થાન નહિં કોય. ૮૧

ईश्वर सिद्ध थया विना, जगत्नियम नहिं होय;
पछी शुभाशुभ कर्मनां, भोग्यस्थान नहिं कोय ।८१।

ईश्वर सिद्धि हुये बिना जगत की यथायोग्य व्यवस्था का संचालन नहीं हो सकता और हाँ, शुभ और अशुभ कर्मो को भोगने के स्थान भी तो नहीं है।

समाधान-सद्गुरु उवाच (गाथा ८२-८६)

गाथा ८२

ભાવકર્મ નિજકલ્પના, માટે ચેતનરૂપ;
જીવવીર્યની સ્ફૂરણા, ગ્રહણ કરે જડધૂપ. ૮૨

भावकर्म निजकल्पना, माटे चेतनरूप;
जीववीर्यनी स्फूरणा, ग्रहण करे जडधूप ।८२।

